लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 26 April 2023

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

**■ रक्तदान शिविर का आयोजन**

लविवि और भाषा विश्वविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, लोहिया संस्थान और केजीएमयू के सहयोग से निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों विश्वविद्यालयों के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को रक्तदान से होने वाले लाभों के बारे में बताया। रक्तदान शिविर में सौ से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। (संवाद)

### विद्यार्थी एक साथ कर सकेंगे दो कोर्स

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विद्यार्थी अब एक साथ दो पाठ्यक्रमों की पढ़ाई करके डिग्री ले सकेंगे। कुलसचिव प्रो. संजय मेधावी ने मंगलवार को इस संबंध में आवश्यक शर्तें तय कर एक विस्तृत गाइडलाइन का पत्र जारी किया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने आदेश जारी किया था कि अब सभी विश्वविद्यालयों में एक साथ दो कोर्स कर सकेंगे। सभी विश्वविद्यालय इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए विद्यार्थियों को इसकी जानकारी उपलब्ध करवाएं। (संवाद)

## AMRIT VICHAR PAGE 7

### अब दोहरी डिग्री भी हासिल कर सकेंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए जारी की गाइडलाइन**

अमृत विचारः लखनऊ विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के छात्र अब दोहरी डिग्री हासिल कर सकेंगे। मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की गाइडलाइन को लागू कर दिया। अब छात्र इन दोहरी डिग्री कार्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। दोनों डिग्री या तो अलग-अलग विश्वविद्यालयों से या एक ही विश्वविद्यालय से प्राप्त की जा सकेंगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के आधार विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 से लागू कर दी गई है। अब एक छात्र फिजिकल मोड में दो पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम कर सकता है, बशर्ते कि ऐसे मामलों में, एक कार्यक्रम के लिए कक्षा का समय दूसरे कार्यक्रम के कक्षा समय के साथ ओवरलैप न हो। वहीं छात्र दो शैक्षणिक कार्यक्रमों, एक पूर्णकालिक भौतिक मोड में और दूसरा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग ऑनलाइन मोड या एक साथ दो ओडीएल व ऑनलाइन प्रोग्राम कर सकता है।

**सक्रियता** | लखनऊ विश्वविद्यालय समेत अन्य विश्वविद्यालयों में भी बढ़े कैंपस प्लेसमेंट

### विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल हुए सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**कॅरियर**

● **छात्र व छात्राओं को 11 लाख तक का मिल रहा है सालाना पैकेज**

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय समेत लखनऊ के अन्य प्राविधिक व राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में प्लेसमेंट सेल तेजी से सक्रिय हुआ है। बीते शैक्षिक सत्र 2022-23 में बड़ी संख्या में हर विषय के छात्र व छात्राओं मोटे पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट मिला है। अमृत विचार की पड़ताल में बीते सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय समेत बीबीएयू व अन्य विश्वविद्यालयों ने पिछले वर्षों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) की प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. डॉ. मधुरिमा लाल बताती हैं कि विश्वविद्यालय ने बीते सत्र 2022-23 में अब तक विभिन्न विषयों के 635 छात्र व छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट दिलाया है। इसमें तीन लाख सालाना से 11 लाख सालाना तक का पैकेज आफर मिला है। वहीं बाबा साहब भीम राव अंबेडकर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अमित सिंह बताते हैं कि विश्वविद्यालय में अब तक 115 छात्र व छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है, जिसमें नौ लाख रुपये सालाना पैकेज आफर किया गया है।

इसी क्रम में राजधानी के डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. विराज दीक्षित के मुताबिक जनवरी तक 97 छात्र व छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा पैकेज नौ लाख का मिला है। वहीं ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय भी पीछे नहीं रहा है। विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी डॉ. तनु डंग बताती हैं कि बीते सत्र 2022-23 में अब तक का सबसे ज्यादा प्लेसमेंट हुआ है। इस सत्र में 123 छात्र व छात्राओं को कैंपस प्लेसमेंट के जरिये मोटा पैकेज मिला है।

**लखनऊ विवि को मिला नैक डबल प्लस का लाभ**

पिछले वर्षों के मुकाबले कैंपस प्लेसमेंट में लंबी छलांग लगाने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक डबल प्लस का लाभ मिला है। ऐसा खुद विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि विश्वविद्यालय को नैक डबल प्लस मिलने से देश भर से कंपनियों ने कैंपस प्लेसमेंट कर मेधावियों का चुना है। और अच्छे आफर दिए हैं। आगे भी कई कंपनियों ने विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट को लेकर आफर भेजे हैं। जिन पर चर्चा के बाद जल्द ही प्लेसमेंट को बुलाया जाएगा।

## LOKSATYA PAGE 3

### अब एक साथ दो कोर्स में दाखिला ले सकेंगे विद्यार्थी

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भी अब एक साथ दो कोर्सों की पढ़ाई कर सकेंगे। बशर्ते एक कोर्स के लिए कक्षाओं का समय दूसरे कोर्स की कक्षा के समय के साथ न हों। यह सुविधा आगामी सत्र 2023-24 से लागू की जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने मंगलवार को इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए। दरअसल, यूजीसी ने हाल ही में दो पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा देने संबंधी निर्देश जारी किए थे। अब लवि नए सत्र से इसे लागू करेगा। कोई भी छात्र-छात्रा फिजिकल मोड में दो पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम कर सकता है, लेकिन दोनों कार्यक्रम की कक्षा का समय एक साथ नहीं होना चाहिए।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : अब एक साथ दो कोर्सों में ले सकेंगे दाखिला

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अब एक साथ दो कोर्सों की पढ़ाई कर सकेंगे। बशर्ते एक कोर्स की कक्षाओं का समय दूसरे कोर्स की कक्षा के साथ न हों। यह सुविधा आगामी सत्र 2023-24 से लागू की जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से जारी गाइडलाइन के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने मंगलवार को इस संबंध में निर्देश जारी किए।

यूजीसी ने हाल ही में दो पूर्णकालिक शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा देने संबंधी निर्देश जारी किए थे। अब लवि नए सत्र से इसे लागू करेगा। इसके तहत विद्यार्थी एक कोर्स पूर्णकालिक फिजिकल मोड में और दूसरा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) या आनलाइन या फिर दोनों ओडीएल एवं आनलाइन माध्यम से कर सकेंगे। ओडीएल या आनलाइन मोड के तहत डिग्री या डिप्लोमा कार्यक्रमों को केवल उसी के साथ आगे बढ़ाया जाएगा जो यूजीसी या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। दो कोर्सों में प्रवेश की सुविधा उन छात्र-छात्राओं को नहीं मिलेगी जो पहले से ही दो एकेडमिक प्रोग्राम कर चुके हैं। दो कोर्सों में दाखिले की सुविधा पीएचडी को छोड़कर अन्य कोर्सों में अध्ययनरत वालों को मिलेगी।

**आठ मई को प्रयोगात्मक परीक्षाः** लखनऊ विश्वविद्यालय में एमए, एमएससी तृतीय सेमेस्टर एंथ्रोपोलाजी सोशल की प्रयागात्मक परीक्षा आठ मई को सुबह 11 बजे से होगी। विभाग की हेड डा. केया पांडेय ने इसका नोटिफिकेशन मंगलवार को जारी किया है।

### आठ और विषयों में पीएचडी प्रवेश के लिए मेरिट जारी



लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2022-23 में पीएचडी दाखिले के लिए मंगलवार को आठ और विषयों में ओवरआल मेरिट सूची जारी कर दी। इनमें डिफेंस स्टडीज, एप्लाइड इकोनामिक्स, बाटनी, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, केमिस्ट्री, इकोनामिक्स, सोशल वर्क, स्टैटिस्टिक्स विषय शामिल हैं। संबंधअभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपनी मेरिट देख सकते हैं।

डिफेंस स्टडीज में आशीष कुमार, अपलाइड इकोनामिक्स में शिवकेश पांडेय, बाटनी में पल्लवी शुक्ला, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में सैय्यद मोहम्मद असगर ताहिर, केमिस्ट्री में दीपिका वर्मा, इकोनामिक्स में हर्षित प्रताप सिंह, सोशल वर्क में अमित रावत व स्टैटिस्टिक्स विषय में नयन दीप गुप्ता को पहली रैंक मिली है। जारी सूचना के मुताबिक परिणाम में अभ्यर्थी की कैटेगिरी, 10वीं, 12वीं, स्नातक, परास्नातक, प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के अंक के साथ फाइनल इंडेक्स व कैटेगिरी एवं रैंक शामिल है। इसके अलावा साक्षात्कार के लिए योग्य न पाए जाने वालों के भी नाम अंकित हैं। गौरतलब है कि 39 विषयों में से 13 विषयों की मेरिट पहले जारी हुई थी।